an>

Title: Need to construct Railway underpass and over bridge on level crossing in Bardoli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री प्रभुभाई नागरभाई वसावा (बारदोली)ः मेरे संसदीय क्षेत्र बारदोली गुजरात से होकर जा रही उधना-जलगांव नयी रेलवे लाईन पर महत्वपूर्ण तीन जगहों पर रेलवे ओवरब्रिज या अंडरपास नहीं होने पर लगातार जानलेवा दुर्घटनाएं हो रही हैं और ट्रैफिक जाम की समस्या से लोगों को बहुत तकलीफ हो रही है। इसलिए चलथान गांव के बीच में एल.सी. गेट नं. 13 पर अंडरपास और बारदोली स्टेट हाईवे नं. 88 के गेट नं. 27 तथा व्यारा नेशनल हाईवे नं. 56 के गेट नं. 51 पर शीघ्र ही रेलवे ओवर ब्रिज बनाने के लिए मैं माननीय मंत्री जी से मांग करता हूँ।